तापमान
अधिकतम 28 .0 डिग्री
न्यूनतम 17 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, बुधवार, 29 अक्टूबर 2025

10 प्राइमरी जांच में चिकित्सकों की नहीं कोई भी लापरवाही



10 स्वच्छता बनाए रखने के लिए किया प्रेरित




## देवउठनी एकादशीः चार माह बाद एक नवंबर को योगनिंद्रा से जागेंगे भगवान विष्णु

### नवंबर, दिसंबर में शादी के रहेंगे 18 शुभ मुहूर्त

### दो को सुबह 07:31 बजे प्रारंभ होगी द्वादशी, भगवान विष्णु की पूजा रहेगी फलदायी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

दीपावली पर्व के बाद अब देवउठनी एकादशी से विवाह के शुभ मुहुर्त शुरू होंगे। चार माह बाद भगवान विष्णु योग निद्रा से जागेंगे। उनके जागते ही नवंबर और दिसंबर माह में लोगों को शादी के कुल 18 शुभ मुहुर्त मिलेंगे। नवंबर माह में विवाह के 14 शुभ मुहुर्त होंगे जबकि दिसंबर माह में केवल चार ही विवाह के शुभ मुहुर्त होंगे। 12 दिसंबर से 30 जनवरी 2026 तक शुभअस्त रहेगा।



इसके बाद फरवरी 2026 में 4, 5, 10, 20 व 21 तथा मार्च 2026 में 9, 10, 11 व 12 विवाह के लिए शुभ तिथि व मुहुर्त रहेगा। कार्तिक शुक्लएकादशी पर एक नवंबर को भगवान विष्णु योगनिद्रा से जागते ही मांगलिक कार्यों की शुरुआत होगी। दो नवंबर को तुलसी विवाह के साथ ही विवाह आदि को लेकर शुभ मुहुर्त शुरू हो जाएंगे। नवंबर व दिसंबर माह में शादियों को लेकर 18 शुभमुहूर्त हैं। इसके बाद वर्ष 2026 में परवरी और मार्च माह में ही शादी को लेकर नौ दिन शुभ मुहूर्त होंगे। एकादशी एक नवंबर को सुबह 09 : 11 मिनट पर शुरू होगीः कार्तिक शुक्ल एकादशी तिथि एक नवंबर को सुबह 09 बजकर 11 मिनट से शुरू होगी। दो नवंबर की सुबह 07:31 बजे तक रहेगी। इस दिन भगवान विष्णु के योगनिद्रा से जागने के साथ शुभ कार्यों के द्वार खुलेंगे।

#### पूजा से सुख, शांति व स्मृद्धि

इस दिन व्रत रखने और पूजा करने से सुख, शांति व स्मृद्धि मिलती है। वहीं देवउठनी एकादशी पर तुलसी और शालीग्राम का विवाह कराने की परंपरा भी है। देवउठनी एकादशी के अगले दिन द्वादशी तिथि पर तुलसी विवाह का आयोजन होता है। जोकि दो नवंबर को होगा।

#### छह जुलाई को चातुर्मास की शुरुआत हुई थी

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि आषाढ़ मास की देवशयनी एकादशी से कार्तिक मास की देवउठनी एकादशी तक कुल चार माह तक भगवान विष्णु योग निद्रा में रहते हैं। गत छह जुलाई को चातुर्मास की शुरुआत हुई थी। ऐसे में सभी तरह के मांगलिग कार्यों पर रोक लग जाती है। इस दौरान शुभ और मांगलिक कार्य जैसे शादी, सगाई, मुंडन, जनेऊ संस्कार, गृह प्रवेश या नए काम शुरू नही किए जाते हैं। हर कोई शुभ कार्यों के लिए शुभ मुहुर्त का इंतजार करता है। ऐसे में एक नवंबर से भगवान विष्णु योग निद्रा से जागेंगे और शुभ कार्यों की शुरूआत हो जाएगी।

#### सौभाग्य में वृद्धि

इसके बाद द्वादशी तिथि दो नवंबर को सुबह 07:31 बजे से शुरू होकर तीन नवंबर को सुबह 05:07 बजे समाप्त होगी। इस दिन भगवान शालीग्राम और तुलसी जी का विवाह कराया जाता है। मान्यता है कि तुलसी विवाह कराने से दांपत्य जीवन सुखमय होता है और सौभाग्य में वृद्धि होती है।

### छठ महापर्वः चार दिवसीय कठिन व्रत को किया संपन्न

## उगते सूर्य को अर्घ्य दे पति की दीर्घायु-संतान सुख की कामना

तालाब के किनारे भक्ति गीतों की गूंज और अगरबत्ती की सुगंध ने वातावरण को पवित्र बनाया

### पूजा की सामग्री लिए सूर्योदय का इंतजार करती रही महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद जिले में छठ महापर्व का समापन मंगलवार सुबह रानी तालाब पर उगते सूर्य को अर्घ्य देकर धूमधाम से हुआ। सैंकड़ों व्रतधारी महिलाओं और पुरुषों ने सूर्य देवता को प्रणाम किया और चार दिवसीय कठिन व्रत को संपन्न किया। सूर्य को अर्घ्य देने के दौरान तालाब के किनारे भक्ति गीतों की गूंज और अगरबत्ती की सुगंध ने वातावरण को पवित्र बना दिया। छठ पूजा के अंतिम दिन जिसे ऊषा अर्घ्य कहा जाता है को लेकर व्रतधारी सुबह ही तालाब पर एकत्रित होना शुरू हो गए। हाथों में ठेकुआ, फल और पूजा की सामग्री लिए महिलाएं सूर्योदय का इंतजार करती रही। जैसे ही सूर्य की पहली किरणें क्षितिज पर उभरी तो सभी ने एक स्वर में सूर्य भगवान का जाप करते हुए अर्घ्य अर्पित किया। कई परिवारों ने बच्चों को गोद में उठा कर पवित्र क्षण का हिस्सा बनाया। सुनीता देवी ने बताया कि यह व्रत संतान की सुख, समृद्धि, लंबी उम्र और परिवार की खुशहाली के लिए किया जाता है। रानी तालाब पर हर साल हजारों लोग आते हैं और इस बार भी भीड़ उमड़ी है। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जिसमें पुलिस बल और गोताखोर तैनात रहे। जींद के अलावा आसपास के गांवों से भी श्रद्धालु पहुंचे। जिन्होंने रानी तालाब, हांसी ब्रांच नहर क्षेत्र को उत्सव स्थल बनाया वहीं कई श्रद्धालुओं ने पिंडारा तीर्थ पर भी भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया।



नरवाना। नहर पर उगते सूर्य को अर्घ्य देते एक परिवार के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

#### छठ मईया के गीत गूंजे

पूर्वांचल प्रकोष्ठ के प्रधान संतोष कुमार ने बताया कि छठ पर्व की पूजा चार दिन चलती है। छठ पूजा को लेकर हांसी ब्रांच नहर पर पंडाल बनाया गया था। यहां पूजा-अर्चना कर उगते सूर्य को अर्घ्य दिया गया। प्रसाद वितरित करके सभी अपने घरों को लौट गए। श्रद्धालुओं ने बताया कि यह त्यौहार कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की छठी को मनाया जाता है। पति की दीर्घायु और संतान सुख की कामना के लिए व्रत रखा जाता है। उन्होंने उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत को संपन्न करके सुख समृद्धि के प्रतीक सूर्य देव की कृपा धरती के सभी जीव-जंतुओं पर बनी रहे, ऐसी कामना उन्होंने की है। इस मौके पर प्रसाद का भी वितरण किया गया। घाट पर महिलाओं ने छठ मईया के गीत गाए।

#### लोगों ने पूजा-अर्चना की

नरवाना। नरवाना में मंगलवार को छठ पूजा पर्व पूरे हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। यहां जींद रोड़ पर सिरसा ब्रांच नहर के घाट पर भारी तादाद में लोग एकत्रित हुए। पहले गत शाम के समय अस्त होते सूर्य को अर्घ्य दिया गया और मंगलवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ देकर विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर लोगों ने छठ पूजा उत्सव मनाया। नरवाना में पिछले 19 सालों से लगातार छठ पूजा सेवा समिति सिरसा ब्रांच नहर के घाट पर छठ पूजा उत्सव का आयोजन करती है। लगातार चार दिन तक चलने वाले उत्सव का मंगलवार को सूर्य को अर्घ्य देने के बाद समापन हो गया। रात भर लोगों ने उत्सव मनाया। युवा वर्ग डीजे की धुनों पर थिरके आतिशबाजी चलाई गई। महिलाओं ने व्रत रखे और विधिवत रूप से स्नान करके पूजा अर्चना संपन्न की। छठ पर्व मनाने के लिए सिरसा ब्रांच नहर पर व्यापक प्रबंध किए गए थे। इस पर्व को देखने के लिए आसपास के काफी लोग भी सिरसा ब्रांच नहर पर पहुंचे। मंगलवार की सुबह सूर्य उदय के बाद वहां मौजूद तमाम परिवार के सदस्यों ने सूर्य को अर्घ देकर पूजा अर्चना की और एक दूसरे को छठ पर्व की बधाई दी

## गांव मालवी में तालाब में गिरा ट्रैक्टर चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई

क्रेन से निकाले



#### तालाब ओवरफ्लो बना कारण

जुलाना। जुलाना क्षेत्र में गत दिनों हुई बरसात के बाद मालवी गांव में दो तालाब ओवरफ्लो हैं। आलम यह है कि रोजाना सड़क को पार करते हुए हादसे का शिकार हो रहे हैं। सोमवार को सायं के समय किसान विनोद अपने खेत में जोताई करके घर वापस आ रहा था। जब वह दोनों तालाबों के बीच बनी सड़क से आ रहा था तो अचानक ट्रैक्टर तालाब में गिर गया। चालक ने अचानक ट्रैक्टर से कूद कर अपनी जान बचाई। जानकारी मिलते ही गांव के लोग मौके पर पहुंच गए और ट्रैक्टर को बाहर निकालने का प्रयास किया लेकिन गहराई और कीचड़ के कारण कामयाबी नही मिली। बाद में क्रेन मंगवाकर कड़ी मशक्कत के बाद ट्रैक्टर को तालाब से बाहर निकाला गया। मालवी गांव के लोगों ने बताया कि बारिश के बाद जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण सड़कों पर पानी भर जाता है।

## साइबर ठगों ने चार लोगों को साढ़े 9 लाख रुपये का चूना लगाया

### पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया धोखाधड़ी का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में साइबर ठगों ने अलग-अलग स्थानों पर चार लोगों को लगभग साढ़े नौ लाख रुपये का चूना लगा दिया। तीन लोगों ने लिंक क्लिक किया तो एक को एड दिखा कर धोखाधड़ी की गई। साइबर थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी के मामले दर्ज किए हैं। पुलिस मामलों की जांच कर रही है। नरवाना निवासी अशोक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 18 अगस्त को उसके व्हाट्सअप पर लिंक आया हुआ था। जिसे उसने ओपन कर लिया। जिसके बाद उसके खाते से एक लाख 70 हजार 388 रुपये गायब हो गए। वहीं छोटूराम कालोनी नरवाना निवासी संदीप के फोन को हैक कर उसके खाते से दो लाख 24 हजार रुपये उड़ा लिए। घटना को अंजाम गत 19 अक्टूबर को दिया गया। उधर, उचाना निवासी राजेश के खाते से गत छह अक्टूबर को एक लाख 24 हजार 700 रुपये गायब हो गए। वहीं गांव लिजवाना निवासी टेकराम ने पुलिस को शिकायत दी है।

### खरौदी में सड़क हादसे में युवक की मौत-मां घायल

कैथल। जिले के गांव खरौदी में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार करीब 23 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि उसकी माता घायल हो गई। दोनों एक बाइक पर सवार होकर पटियाला पंजाब से कैथल अपनी रिश्तेदारी में आ रहे थे। इस संबंध में युवक के मामा जगरूप सिंह ने गुहला थाना में शिकायत में बताया कि उसका भांजा बसंत सिंह अपनी माता केलो देवी के साथ पटियाला से अपनी रिश्तेदारी में कैथल आ रहा था। दोनों दोपहर को घर से चले थे। जब वे गांव खरौदी के पास पहुंचे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बसंत सिंह की मौत हो गई, जबकि माता केलो देवी का इलाज चल रहा है। शिकायतकर्ता ने बताया कि बसंत सिंह की अभी शादी नहीं हुई थी। वह उसके साथ ही लुधियाना की कंपनी में हेल्पर का काम कर रहा था।

### नायब सरकार किसान व व्यापारी हितैषी

पाई। हल्का विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों व व्यापारियों के सशक्तिकरण के लिये पूरी तरह से समर्पित है। वे मंगलवार को मार्किट कमेटी पाई कार्यालय में नवगठित मार्केट कमेटी चेयरमैन कृष्ण शर्मा पिलनी व वाईस चेयरमैन सत्यवान ढुल को पद ग्रहण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मार्किट कमेटी के चेयरमैन व वाईस चेयरमैन कमेटियों के विकास के लिए पूरी से समर्पित होगें। उन्हें आशा है कि ये किसानों व आढ़तियों को आने वाली सभी समस्याओं को पुरी से निपटायेगें। उन्होंने बताया कि किसानों की फसलों का एकएक दाना खरीदा जायेगा। भाजपा सरकार इसके लिये वचन बंध है। सरकार का उद्देश्य है कि हर किसान को उसकी मेहनत पुरी तहर से प्राप्त हो। ये नव नियुक्त चेयरमैन, वाईस चेयरमैन तथा सदस्या पाई मंडी के विकास को नई दिशा देगें। भाजपा के वरिष्ट नेता अशोक गुज्जर ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों के हित के लिये लगातार कार्य कर रही है। इस अवसर पर हल्का विधायक सतपाल जांबा, पूर्व जिलाध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ट नेता अशोक गुज्जर, पूड़री मार्किट कमेटी चेयरमैन सुभाष हजवाना, जिला महामंत्री मनीश शर्मा, देवेन्द्र पांचाल, जगीर सीसला, हर्ष सेठी, राजेंद्र शर्मा, सरोजदेवी, सुशील पांचाल, निधि मोहन, पाई सरपंच प्रतिनिधी नरेश ढुल, प्रमोद, बुटा सिंह, अरविंद गोलन, अमित सैनी, विजय, हसन अपस्थित थे।

### पूर्व सैनिकों की 30 की रैली स्थगित

कैथल। पूर्व सैनिक, पूर्व सैनिक परिवारों व शहीद परिवारों के लिए 30 अक्टूबर को खगड़ा स्टेडियम अंबाला कैंट में माननीय रक्षा मंत्री राजनाथ की रैली जो होनी थी वो स्थगित हो गई है। आगे रैली के समय बारे दोबारा से सूचना दे दी जाएगी। इसकी जानकारी पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल के प्रधान जगजीत फौजी ने ई सी एच एस पॉलीक्लिनिक कैथल में सब एरिया हेड क्वार्टर के वेटरन्स सहायता केंद्र अंबाला कैंट की टीम जो कैप्टन राम कुमार के नेतृत्व मे स्पर्श पेंशन, लाइफ सर्टिफिकेट, पूर्व सैनिकों के पी पी ओ एवम पेंशन की अन्य त्रुटियां में सुधार के लिए आई हुई थी। उस समय अम्बाला कैंट से मिली सूचना पर इस की जानकारी दी गई और ई सी एच एस पॉलीक्लिनिक, जिला सैनिक बोर्ड व सी एस डी कैंटीन में पम्पलेट भी लगवाए ।एसोसिएशन के निवेदक पर स्पर्श पेंशन की टीम जो अंबाला कैंट से महीने के दूसरे शुक्रवार को आती थी वो अभी महीने में दो बार आएगी। ये दो बार का समय पूर्व सैनिकों व उनकी वीरांगनाओं की समस्याओं को मध्य नजर रखते हुए बढ़ाया गया है आज इस टीम द्वारा 52 केशो को निमटाया गया। प्रधान जी ने 2 नवंबर रविवार को 9:30 बजे हनुमान वाटिका नजदीक नया बस अड्डा कैथल में नवंबर मास की मासिक मीटिंग की भी जानकारी दी और इसमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में पूर्व सैनिकों को पहुंचने को कहा क्योंकि, एसोसिएशन मीटिंग में कई अहम मुद्दों पर विचार विमर्श करेगी।

### दो के कब्जे से चोरीशुदा चार बाइक बरामद

जींद। पुलिस ने दो युवकों को काबू करके उनके कब्जे से चार बाइक बरामद की हैं। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। अदालत ने उनको जेल भेजने के निर्देश दिए। एवीटी स्टाफ जुलाना के इंचार्ज उपनिरीक्षक कमल ने बताया कि 19 अगस्त को थुआ गांव निवासी कपिल ने पुलिस के बाइक चोरी होने की शिकायत दी थी। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। कमल ने बताया कि सोमवार को उन्हें सूचना मिली कि यह बाइक उझाना निवासी अजय तथा पंजाब के फुलद निवासी जश्नदीप ने चोरी की है। यह दोनों युवक रोहतक से जींद की तरफ आ रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने जुलाना में बाइपास के पास नाकाबंदी कर दी। कुछ समय बाद दोनों युवक बिना नंबर की बाइक पर आते दिखाई दिए। पुलिस ने जब रुकने का इशारा किया तो दोनों भागने लगे। पुलिस ने उन्हें कुछ ही दूरी पर दबोच लिया। पूछताछ में आरोपितों ने बाइक चोरी की वारदात को कबूल कर लिया। जब पुलिस ने आरोपितों से गहनता से पूछताछ की तो कुछ और बाइक चोरी की वारदात भी कबूल कर ली। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर जुलाना की आदर्श कालोनी के पास के खंडहरों से घास-फूस के नीचे छिपाई गई तीन बाइक बरामद की। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया।दोनों को अदालत के आदेश पर जेल भेज दिया।

### अवैध बिजली कनेक्शन देने पर केस

जींद। गांव उझाना खेतों में अवैध टयूबवैल कनेक्शन जारी करने तथा एलटी लाइन पर अवैध तरीके से ट्रांसफार्मर रखने पर गढ़ी थाना पुलिस ने पांच बिजली निगम कर्मियों समेत सात लोगों के खिलाफ अमानत में ख्यानत तथा धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बिजली निगम सब डिवीजन के एसडीओ महेंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव उझाना खेतों में टयूबवैलों के अवैध कनेक्शन जारी करने तथा एलटी लाइन पर अवैध तौर पर ट्रांसफार्मर रखे जाने की शिकायत बिजली निगम को मिली थी। जिसकी विभागीय जांच के आदेश दिए गए थे। जांच के दौरान पाया कि वर्ष 2018 मे बिना विभाग की अनुमति के टयूबवैल के बिजली कनेक्शन ट्रांसफर किए गए और 25 केवी का ट्रांसफार्मर भी रखा गया। इस फर्जीवाड़े में बिजलीकर्मियों ने भी सहयोग किया। लगभग सात साल से चल रहे अवैध बिजली कनेक्शन को लेकर वहां डयूटीरत कर्मियों ने विभाग को गुमराह किया और अवैध चल रहे कनेक्शनों को लेकर कोई कार्रवाई नही की। गढ़ी थाना पुलिस ने बिजली निगम एसडीओ की शिकायत पर बिजली निगम ठेकेदार जयभगवान, बिजली निगम के एएफएम नरेंद्र, रामपाल, रोहताश, एचकेआरएन के तहत लगे एएलएम राकेश, एलएम विजेंद्र के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गढ़ी थाना के जांच अधिकारी गुरनाभ सिंह ने बताया कि बिजली निगम से शिकायत मिली थी।

**परेशानी** अब खाली सीटों पर दाखिले के लिए फिर से पोर्टल खुलना मुश्किल

जिले के 17 राजकीय व निजी कालेजों व विवि में यूजी कोर्स में साढ़े 11 हजार सीट

## पांच बार खुला पोर्टल, विभिन्न कालेजों में यूजी और पीजी कोर्स में 10 से 15 % तक सीट रिक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

उच्चतर शिक्षा विभाग की ओर से पांच बार पोर्टल खोले जाने के बाद भी जिलेभर के विभिन्न कालेजों में यूजी व पीजी कोस में 10 से 15 प्रतिशत तक सीट रिक्त रह गई हैं। अंतिम बार विभाग ने दाखिले के लिए 21 से 27 अक्टूबर तक दाखिले के लिए पोर्टल खोला था। इसके बाद भी कालेजों में सभी सीट भर नहीं पाई हैं। अब खाली सीटों पर दाखिले के लिए फिर से पोर्टल खुलना मुश्किल है। क्योंकि नवंबर माह के मध्य में विद्यार्थियों की परीक्षाएं शुरू हो सकती हैं। जिलेभर के 17 राजकीय व निजी कालेजों व सीआरएसयू में यूजी कोर्स में लगभग साढ़े 11 हजार सीट हैं। जिसमें से लगभग 1700 सीट खाली बची हुई हैं। शहर के दो प्रमुख राजकीय कालेजों में भी सीट खाली बची हुई हैं। जबकि पहली मेरिट लिस्ट में दाखिले के समय निर्धारित सीटों पर दो से तीन गुना आवेदन आए थे और पहली मेरिट लिस्ट में 100 प्रतिशत से ऊपर रही थी। शहर में गोहाना रोड पर स्थित राजकीय पीजी कालेज में यूजी कोर्स में निर्धारित 1630 सीट में से 1392 सीटों पर दाखिला हो चुका है और 238 सीट अभी भी खाली हैं। बीए आट्र्स संकाय में 600 में से 599 सीटों पर दाखिला हो चुका है और एक सीट खाली बची हुई है।



#### दोबारा पोर्टल खुलना मुश्किल



राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सत्यवान मलिक ने बताया कि उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा खाली सीटों पर दाखिले के लिए समय-समय पर पांच बार पोर्टल खोला गया लेकिन अभी भी कुछ संकायों में सीट खाली बची हुई हैं। यूजी व पीजी कोर्स में खाली पड़ी सीटों पर दाखिले के लिए 27 अक्टूबर तक अंतिम दिन था। इसके बाद दोबारा से उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा पोर्टल खोला जाना मुश्किल है। क्योंकि नवंबर माह में विद्यार्थियों की परीक्षाएं शुरू होने की संभावना है।



कैथल। एसडीएम अजय सिंह शहर स्थित पटवार भवन का औचक निरीक्षण करते।

#### पटवार भवन का निरीक्षण

कैथल। एसडीएम अजय सिंह ने मंगलवार को शहर स्थित पटवार भवन का औचक निरीक्षण किया और रिकार्ड व साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसडीएम का यह आकस्मिक दौरा सरकारी कार्यालयों में पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। निरीक्षण के दौरान लगभग सभी व्यवस्थाएं सही पाई गई। निरीक्षण के दौरान, एसडीएम अजय सिंह ने पटवार भवन के कामकाज का विस्तृत आकलन किया। उन्होंने विशेष रूप से सभी महत्वपूर्ण राजस्व रिकॉर्ड की जांच की, जिसमें भूमि के कागजात, जमाबंदी, इंतकाल (म्यूटेशन) और अन्य संबंधित दस्तावेज शामिल थे। एसडीएम ने रिकॉर्ड के उचित रखरखाव सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को हिदायत दी। इसके बाद उन्होने कार्यालय परिसर और उसके आस-पास की साफ-सफाई व्यवस्था का भी बारीकी से जांचा। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे स्वच्छता बनाए रखें ताकि पटवार भवन में आने वाले आमजन को एक स्वच्छ और बेहतर वातावरण मिल सके।

### खबर संक्षेप

#### जिला प्रशासन का रात्रि ठहराव खरकड़ा में आज

जींद। नगराधीश मोनिका रानी ने बताया कि 29 अक्टूबर को जिला प्रशासन द्वारा सफीदों उपमंडल के गांव खरकड़ा में रात्रि ठहराव का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सायं छह बजे राजकीय प्राथमिक विद्यालय खरकड़ा में होने वाले रात्रि ठहराव कार्यक्रम में डीसी मोहम्मद इमरान रजा ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे।

#### ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की जान गई

कैथल। कैथल के गांव हरसोला में ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। गांव दुमाडा के सुरजीत ने तितरम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि अक्टूबर को जब 24 वर्षीय उसका भाई सुरजीत गांव से जा रहा था तो गांव के ही संजू ने ट्रैक्टर को तेज गति लापरवाही से चलते उसके भाई को टक्कर मार दी। हादसे में भाई ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

#### मकान की दीवार गिरने से मजदूर की मौत

जींद। गांव भकलाना (हिसार) में मकान की दीवार गिरने से मजदूर की मौत हो गई। मंगलवार को नागरिक अस्पताल में मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा कर पुलिस ने स्वजनों को सौंप दिया है।

गांव भकलाना में सोमवार दोपहर को 30 वर्षीय मजदूर बुधराम गांव के ही एक व्यक्ति का पुराना मकान उखाड़ रहा था। जब वह मकान की दीवार उखाड़ रहा था।

#### हुडा ग्राउंड में डेढ़ घंटे हुआ जमकर हंगामा

जींद। हुडा ग्राउंड में शाम को छह बजे जमकर हंगामा हुआ। व्यक्ति किसी गैर औरत के साथ यहां एक आफिस में था। जब इस व्यक्ति की पत्नी को पता चला तो उसने दुकान के बाहर ताला लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। हंगामा देख सैकड़ों की संख्या में लोग यहां पहुंच गए। बाद में पुलिस ने व्यक्ति तथा कमरे में बंद महिला का बाहर निकाला और अपने साथ ले गई।

#### जबरन धान फसल कटाई करने पर केस

जींद। गांव साहनपुर में मशीन से तीन एकड़ धान फसल कटाई करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव साहनपुर निवासी प्रदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 26 अक्टूबर को गांव के ही नरेंद्र तथा गुरदीप ने उसके खेत से मशीन की सहायता से तीन एकड़ धान फसल की कटाई कर ली।

#### सड़क हादसे में एक व्यक्ति की जान गई

कैथल। गांव जडौला में हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। गांव जड़ौला के शंकी ने ढांड पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जब 18 अक्टूबर को उसका पिता वेदपाल सिंह बाइक पर सवार होकर गांव से जा रहा था तो गांव के ही पवन कुमार ने अपने बाइक को तेज गति और लापरवाही से चलते उसे चपेट में ले लिया।

#### दूसरे के प्लाट का सौदा कर हड़पे साढ़े तीन लाख

जींद। गांव बिघाना में प्लाट के मालिक बता सौदेबाजी कर साढ़े तीन लाख रुपये हड़पने पर अलेवा थाना पुलिस ने महिला समेत तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बिघाना निवासी वीरभान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव के ही सतबीर ने उसके साथ गांव में प्लाट का सौदा किया था।

#### हत्या करने के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

कैथल। थाना पुंडरी क्षेत्र में एक युवक की हत्या करने के मामले की जांच थाना पुंडरी पुलिस प्रभारी इंस्पेक्टर शिवकुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव बरसाना निवासी अक्षय कुमार उर्फ अंकुश व साहिल उर्फ तरुण को गिरफ्तार किया है।

## खबर संक्षेप

### बीबीपुर के स्कूल में आंखों का कैंप लगाया

जींद। बीबीपुर गांव के राजकीय कन्या उच्च विद्यालय में निःशुल्क आंखों के कैंप का आयोजन किया गया। यह निजी अस्पताल द्वारा आयोजित किया गया। इसमें स्कूल की छात्राओं एवं गांव के लोगों की आंखों की जांच की। मुख्य अध्यापक मुकेश गोयत ने शहर में एक्यूआई के बढ़ते स्तर को देखते स्कूल आंखों के कैंप का आयोजन करने के लिए कदम उठाया।

### अलग-अलग स्थानों से युवती-दो महिला लापता

जींद। जिले में अलग-अलग स्थानों से एक युवती तथा दो महिलाओं के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। पुलिस मामलों की जांच कर रही है। गांव अहिरका निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 24 अक्टूबर को उसकी पत्नी घर से गायब हो गई। वहीं सफीदों में भी गत 22 अक्टूबर को एक महिला घर से गायब हो गई।

### डिजिटल मार्केटिंग में रोजगार की दी जानकारी

जींद। सफीदों नगर के सरला मेमोरियल राजकीय कन्या कालेज सफीदों में प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में प्राचार्य सत्यवान मलिक के मार्गदर्शन में एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर सुषमा चोपड़ा द्वारा की गई। सहायक प्रोफेसर डा. संदीप कुमार ने अपने व्याख्यान के द्वारा वित्तीय क्षेत्र एवं डिजिटल मार्केटिंग में रोजगार के अवसरों के बारे में छात्राओं को अवगत कराया।

### धान की खरीद पारदर्शी व सुचारू रूप से जारी

जींद। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि जिला प्रशासन किसानों के हितों की सुरक्षा और सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए पूर्ण रूप से समर्पित है। धान खरीद सीजन के दौरान मंडियों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं ताकि किसी भी किसान को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### फसल अवशेष प्रबंधन पर मिलेगी प्रोत्साहन राशि

जींद। कृषि विभाग के सहायक कृषि अभियंता विजय कुमार ने बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत कृषि यंत्रों के बिल किसान 31 अक्टूबर तक जमा करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत फसल अवशेष प्रबंधन योजना में 50 प्रतिशत अनुदान राशि के तहत कुल 724 बिल विभागीय पोर्टल पर पांच अक्टूबर तक अपलोड किए गए थे।

### लंबित शिकायतों का हो त्वरित निपटान

जींद। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सीएम विंडो पोर्टल, जन संवाद, समाधान प्रकोष्ठ पर लंबित शिकायतों का निपटान प्राथमिकता के आधार पर त्वरित और समयबद्ध तरीके से किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का समय पर समाधान होने से न केवल आम जनता को राहत मिलेगी बल्कि प्रशासनिक पारदर्शिता और उत्तरदायित्व भी सुनिश्चित होगा।

### डीसी ने सीएम घोषणाओं की प्रगति समीक्षा की

जींद। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित बैठक कक्ष में जिला स्तर पर मुख्यमंत्री की घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई सभी घोषणाओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

### डोंकी रूट से विदेश जाना गंभीर अपराध

जींद। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने कहा कि अवैध विदेश यात्रा (डोंकी रूट) के मामलों की गहन जांच की जा रही है। इसी क्रम में गत 26 अक्टूबर को जिला जींद के तीन युवक अमेरिका से डिपोर्ट होकर भारत लौटे। जिन्होंने गैरकानूनी रास्तों से अमेरिका पहुंचने के प्रयास में अपनी पूंजी, समय और सुरक्षा तीनों गंवाए।

---

### स्वास्थ्य विभाग ने की मामले की जांच प्रारंभ

# प्राइमरी जांच में चिकित्सकों की नहीं कोई भी लापरवाही

### सीएमओ ने जुलाना पहुंचकर खंगाले कागजात

**सीएचसी जुलाना में जच्चा-बच्चा की मौत का मामला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुलाना में सोमवार को हुई जच्चा-बच्चा की मौत के मामले को लेकर सीएमओ डा. सुमन कोहली सीएचसी जुलाना पहुंची। उन्होंने महिला के इलाज से संबंधित सभी प्रकार के कागजात जांचने का काम। हालांकि प्रारंभिक जांच में ऐसी कोई बात सामने नहीं आई है कि जिसमें चिकित्सकों द्वारा किसी स्तर पर कोई लापरवाही बरती हो। बुधवार को एएनएम से गर्भवति महिला से संबंधित सभी प्रकार के कागजात मांगे गए हैं। उसके बाद ही यह रिपोर्ट फाइनल हो पाएगी।

**यह है मामला:** सोमवार को गांव लजवाना कलां निवासी 30 वर्षीय गर्भवति महिला स्वीटी की मौत हो गई थी। जन्म से पहले ही उसके बच्चे की भी मौत हो गई थी। परिजनों ने चिकित्सकों पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की थी।



जींद। जांच करते सीएमओ डा. सुमन कोहली। फोटो :हरिभूमि

मंगलवार को सीएमओ डा. सुमन कोहली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुलाना पहुंची और यहां चिकित्सकों से बातचीत कर हर प्रकार की जानकारी हासिल की। सीएमओ ने चिकित्सकों द्वारा महिला को दी गई दवाई के बारे में भी पता किया। प्राथमिक जांच में ऐसी कोई बात सामने नहीं आई है, जिससे महिला की मौत के मामले में चिकित्सकों की लापरवाही सामने आए। अब भी जागरूकता की कमी: सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली ने कहा कि लोगों में अब भी जागरूकता की कमी है। गर्भवति महिलाओं के प्रति परिवार के लोगों को भी सचेत रहना चाहिए। गर्भवति महिलाओं की समय-समय पर जांच करवानी चाहिए। हर सरकारी अस्पताल में हर प्रकार की सुविधा है। गर्भवति महिलाओं को खान.पान का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

#### उपचार में लापरवाही नजर नही आ रही

सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि उन्होंने सीएचसी जुलाना में उपचार करने वाले चिकित्सक, स्वास्थ्य स्टाफ से जानकारी हासिल की है। प्रारंभिक जांच में उपचार लापरवाही नजर नही आ रही है। महिला का दांत दर्द के कारण 10 दिन पहले रोहतक में इलाज हुआ था। उस समय उसे हाई बीपी बताया गया था लेकिन ने स्वजनों ने इसका इलाज करवाया और न ही इसके बारे में चिकित्सकों को बताया। जब महिला को सीएचसी जुलाना लाया गया तो हाई बीपी के कारण उसे दौरा पड़ गया। चिकित्सकों ने दौरे की भी दवाई दी लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

---

# नशे के खिलाफ किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

पुलिस महानिदेशक के आदेशानुसार चलाए जा रहे अभियान के तहत अलेवा पुलिस द्वारा नगूरां गांव के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता अलेवा थाना प्रभारी आत्मा राम ने की तथा मुख्य रूप से उचाना के डीएसपी संजय कुमार ने हिस्सा लिया। मंच संचालन नगूरां पुलिस चौकी प्रभारी विनोद कुमार ने किया। डीएसपी उचाना, अलेवा थाना प्रभारी,नगूरां चौकी प्रभारी पुलिस कर्मचारियों के साथ मिलकर साइकिल यात्रा का आयोजन कर स्कूल में पहुंचे।



उचाना डीएसपी का स्वागत करते गांव के सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप खटकड़ एवं ग्रामीण।

#### नशे से दूर रहने का आह्वान

डीएसपी ने छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों बारे परिवार के सदस्यों व समाज को नशा मुक्त करने बारे विस्तार से समझाया गया। स्कूली छात्राओं द्वारा भी नाटक के माध्यम से नशा मुक्ति अभियान नशे की बुराई बारे प्रस्तुति दी गई। इसके अलावा साइबर अपराध जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम, गूगल में गलत तरीके से फ से होने वाले युवाओं का भविष्य खराब होने के बारे में समझाया गया। अलेवा थाना प्रभारी द्वारा छात्राओं को नशा मुक्त भारत बनाने के अभियान को अपने घर से शुरू करके समाज एवं गांव को नशा मुक्त बनाने बारे जागरूक किया। उन्होंने कहा कि नशा समाज में फैलकर युवाओं का भविष्य खराब कर रहा है। इसके लिए सभी युवाओं को नशे की बुराई से दूर रहकर एक अच्छे देश व समाज का निर्माण करने में भूमिका अदा करनी चाहिए। उन्होंने छात्राओं को पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त अभियान में हिस्सा लेकर लोगों को नशे से शरीर में होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना चाहिए।



कार्यक्रम में उपस्थित अध्यापकों को संबोधित करते कमिश्नर अशोक गर्ग।

#### नई तकनीकों से सुसज्जित होना आवश्यक

नरवाना। शिक्षा में आधुनिकता और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नरवाना के केएम राजकीय कॉलेज के सभागार में मंगलवार को स्टेम साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथ्स विषय पर एक दिवसीय वर्कशॉप का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में उपमंडल नरवाना के सभी स्कूलों के अध्यापकों ने बढ़.चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में हिसार मंडल के आयुक्त ;कमिश्नरद्ध अशोक गर्ग ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान एसडीएम जगदीश चंद्र भी विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे । कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ मीनू सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते कहा कि आज का समय शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर परिवर्तन का दौर है और अध्यापकों को नई तकनीकों से सुसज्जित होना आवश्यक है। मुख्य अतिथि अशोक गर्ग ने अपने संबोधन में कहा कि आज का युग विज्ञान और तकनीक का युग है। विद्यार्थियों में अगर बचपन से ही खोजए प्रयोग और नवाचार की भावना विकसित की जाए।

### एथलीट खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण सहित 8 पदक जीते

जींद। साउथ एशियन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप रांची में एथलेटिक्स हरियाणा के एथलीट खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण और चार रजत पदक सहित जीते आठ पदक जीते। संजना सिंह रोहतक ने पांच हजार मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक विजेता बन कर नया भारतीय कीर्तिमान और साउथ एशियन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप कीर्तिमान स्थापित किया और बैस्ट एथलीट का खिताब अपने नाम किया। मोहम्मद अता साजिद फरीदाबाद ने लांग जंप में स्वर्ण और आशीष ने हैमर थ्रो इवेंट में साउथ एशियन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीते पदक। एथलेटिक्स अध्यक्ष दिलबाग सिंह ने बताया कि चौथी साउथ एशियन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का तीन दिवसीय आयोजन 24 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक रांची झारखंड में एथलेटिक्स फेडरेशन आफ इंडिया द्वारा आयोजित किया गया।

---

#### आर्य स्कूल में मनाया जाएगा हर विद्यार्थी का जन्मदिन

नरवाना। किसी भी व्यक्ति का इस संसार में जन्म लेना न केवल उसके माता-पिता के जीवन की एक महत्वपूर्ण घटना होती है बल्कि उस व्यक्ति के लिए भी महत्वपूर्ण होता है क्योंकि हमारे ग्रंथो के अनुसार 84 लाख योनियां पार करने और अच्छे कर्म करने के बाद ही किसी आत्मा को मानव जन्म मिलता है। यह विचार शहर के आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य रघु भूषण लाल ने आज के दिन जन्मे विद्यार्थी कक्षा छठी के महेश का स्कूल की प्रातःकालीन सभा में जन्मदिन मनाने के बाद सभा में उपस्थित विद्यार्थियों और अध्यापकों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि चूंकि किसी भी व्यक्ति का जन्मदिन मनाने से जहां एक ओर उसे खुशी मिलती है वहीं दूसरी ओर उसे अपने महत्वपूर्ण होने का एहसास होता है जिससे उसका मनोबल बढ़ता है।



नरवाना। आर्य स्कूल में छात्र को सम्मानित करते प्राचार्य रघु भूषण लाल।



जींद। बैठक में भाग लेते अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

#### लंबित म्यूटेशन मामलों की समीक्षा बैठक

जींद। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा की अध्यक्षता में मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में पेपरलेस रजिस्ट्रेशन सिस्टम एवं लंबित म्यूटेशन मामलों संबंधी समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक से पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं वित्त आयुक्त राजस्व सुमिता मिश्रा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश स्तर पर समीक्षा बैठक ली। वीसी के उपरांत उपायुक्त ने जिले में पेपरलेस रजिस्ट्रेशन प्रणाली के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पंजीकरण कार्य पूर्ण पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ संपन्न किए जाएं। उन्होंने कहा कि पेपरलेस रजिस्ट्रेशन प्रणाली नागरिकों को सुविधाजनक सेवाएं प्रदान करने के साथ-साथ राज्य सरकार की ई.गवर्नेंस नीति को और अधिक सुदृढ़ बनाएगी। उपायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि एक नवंबर से पेपरलेस रजिस्ट्रेशन प्रणाली अनिवार्य रूप से लागू की जाएगी। सभी अधिकारियों को आवश्यक तकनीकी संसाधन जैसे कंप्यूटर, लैपटॉप आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

#### पौली में बिजली निगम ने लगाया खुला दरबार

जुलाना। बिजली निगम की जुलाना सब डिविजन द्वारा गांव पौली में खुला दरबार आयोजित किया गया। इस मौके पर जींद के अधीक्षक अभियंता एमएल सुखीजा मौजूद रहे। दरबार में ग्रामीणों ने बिजली से जुड़ी विभिन्न समस्याएं रखी। जिनमें मीटर खराबी, ट्रांसफार्मर क्षमता, वोल्टेज की कमी और बिजली बिल संबंधी शिकायतें प्रमुख रही। अधीक्षक अभियंता एमएल सुखीजा ने कई शिकायतों का मौके पर ही समाधान करवाया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन मामलों में तत्काल समाधान संभव नहीं है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए ताकि आमजन को परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि बिजली निगम का उद्देश्य लोगों को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराना हैए इसके लिए विभाग पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है। इस अवसर पर जुलाना उपमंडल अधिकारी अशोक शर्मा भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि बिजली निगम नियमित रूप से ऐसे खुले दरबार आयोजित कर रहा है ताकि उपभोक्ताओं की समस्याएं सीधे सुनी जा सकें और पारदर्शी तरीके से समाधान हो।



खुले दरबार में लोगों की समस्याएं सुनते अधिकारी।



जुलाना। रैली को हरी झंडी दिखाते नपा सचिव। फोटो :हरभूमि

#### स्वच्छता अभियान सबका सहयोग जरूरी

जुलाना। जुलाना कस्बे के बाजार में सफाई कर्मचारियों ने जागरूकता रैली निकाली। यह रैली स्वच्छता अभियान 2025 के तहत शहर के लोगों को जागरूक करने के लिए निकाली गई। नगरपालिक सचिव सौरभ जैन ने रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस मौके पर आईईसी टीम भी मौजूद रही। नगर पालिका सचिव सौरभ जैन ने कहा कि शहर के लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक होना चाहिए। वार्ड के लोगों के साथ दुकानदारों को चाहिए कि वो पॉलीथीन के बैग को नालियों में ना डालें क्योंकि इनसे नालियां जाम हो जाती हैं और बाजार में गंदगी फैलती है। स्वच्छता अभियान में सहयोग करना हर नागरिक की जिम्मेदारी बनती है।

---



बाल कलाम आश्रम में बच्चों से बातचीत करते जिला एवं सत्र न्यायाधीश पूनम सुनेजा।

#### बच्चों की देखरेख में कमी नहीं आनी चाहिए

जींद। जिला एवं सत्र न्यायाधीश पूनम सुनेजा ने मंगलवार को कलाम बाल आश्रम व जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। उनके साथ सीजेएम मोनिका साथ रही। जिला कारागार निरीक्षण के दौरान उन्होंने कैदियों व हवालातियों से बातचीत कर उनके केस में आ रही कठिनाइयों को सुना व समस्याओं को समाधान संबंधी जानकारी दी। इसके अलावा जेल में बंद कैदियों से अपील की कि यदि किसी व्यक्ति को अपने केस की पैरवी के लिए अधिवक्ता की जरूरत है तो वह मुक्त कानूनी सहायता के लिए प्राधिकरण के अधिवक्ता की सेवाएं ले सकता है। इसके बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कलम बाल आश्रम का भी औचक निरीक्षण किया तथा आश्रम में रह रहे बच्चों से बातचीत की तथा बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी हासिल की। उन्होंने बच्चों से उनके खाने-पीने, रहने सहने के बारे में विस्तार से जानकारी ली। जिला एवं सत्र न्यायाधीश पूनम सुनेजा ने कलाम बाल आश्रम के स्टाफ को निर्देश दिए कि बच्चों की देखरेख में कोई कमी नहीं आनी चाहिए तथा बच्चों के स्वास्थ्य व शिक्षा से संबंधित कोई भी लापरवाही ना की जाए।

# जारी किए नोटिस का दिखा असर

### अव्यवस्थित ढंग से खड़े पेड़ कटवाने के एसडीएम के आदेश का असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

उपमंडलाधीश पुलकित मल्होत्रा द्वारा जारी किए गए नोटिस का असर दिखाई दिया है। ऐतिहासिक नागक्षेत्र मंदिर एवं रामलीला ग्राउंड के पास लंबे समय से सूखा खड़ा पीपल का पेड़, जो आमजन के लिए खतरा बना था। मंगलवार को सम्बधित विभागों द्वारा कटवा दिया है। एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने बताया कि शहर में ऐसी सरकारी संपत्तियां या संरचनाएं जिनसे लोगों को असुविधा होती है या जान-माल के नुकसान का खतरा बना रहता हैए उन्हें तत्काल दुरुस्त करवाना संबंधित विभागों की जिम्मेदारी है।



जींद। हटाए गए पेड़। फोटो : हरिभूमि

#### आवश्यक कदम उठाएं जाएं

कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। शहर में जहां-जहां भी इस प्रकार की असुरक्षित स्थितियां हैंए संबंधित अधिकारी तुरंत निरीक्षण करें और आवश्यक कदम उठाएं जाएं ताकि कोई भी व्यक्ति असुविधा या असुरक्षित महसूस न करें। उल्लेखनीय है कि नागरिकों की तरफ से उक्त पेड़ कटवाने के संबंध में बार.बार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। इस पर संज्ञान लेते हुए एसडीएम द्वारा नगर पालिका और वन विभाग के अधिकारियों को कई बार मौखिक और लिखित निर्देश दिए जा चुके थे। नागरिकों द्वारा दी गई लिखित शिकायत के बाद प्रशासन ने इस मामले में गंभीरता दिखाई और उनकी सूचना पर उपमंडलाधीश ने बीएनएसएस की धारा 152 के तहत तुरंत कार्रवाई करने के आदेश दिए जिसके तहत संबंधित विभागों ने मंगलवार को पेड़ को काट खतरे के अंदेशा को समाप्त किया। चूंकि यह क्षेत्र घनी आबादी वाला है और यहां से लोगों का लगातार आवागमन रहता है इसलिए किसी संभावित दुर्घटना से बचाव को संबंधित विभागों को निर्देश जारी किए है।



अलेवा। शाहपुर गांव में कार्यक्रम में भाग लेते हुए किसान।

#### फसल अवशेष प्रबंधन पर गोष्ठी का आयोजन

अलेवा। शाहपुर गांव में प्रोजेक्ट समृद्धि के अंतर्गत फ सल अवशेष प्रबंधन पर एक जिला स्तरीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता रूट्स फाउंडेशन से भूप सिंह ने की तथा मुख्य रूप से कृषि विभाग से डीडीए डा. गिरीश नागपाल ने भाग लिया। परियोजना हरियाणा के जींद जिले में पराली जलाने की घटनाओं को कम करने और फ सल अवशेषों के वैज्ञानिक प्रबंधन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई है। प्रोजेक्ट समृद्धि जींद जिले के 52 गांवों को कवर करेगा। जिनमें रेड और ग्रीन जोन के गांव शामिल हैं। परियोजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को फ सल अवशेष न जलाने के लिए प्रेरित करना है। रूट्स फाउंडेशन से भूप सिंह ने किसानों को प्रोजेक्ट समृद्धि के उद्देश्यों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया और समझाया कि यह परियोजना न केवल पराली जलाने की समस्या को कम करने में सहायक है, बल्कि महिला स्वयं सहायता समूहों को पराली से उत्पाद बनाना सिखाकर आजीविका के नए अवसर भी प्रदान कर रही है। कृषि विभाग से डीडीए डा. गिरीश ने किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के साथ-साथ राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही अन्य योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

---

### साफ-सफाई का संदेश पहुंचाने के लिए स्वच्छता परेड का आयोजन

# स्वच्छता बनाए रखने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

नगर परिषद नरवाना द्वारा स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने और नागरिकों में स्वच्छता का संदेश पहुंचाने के उद्देश्य से स्वच्छता परेड का आयोजन किया गया। इस स्वच्छता परेड की शुरुआत नगर परिषद कार्यालय से की गई जिसे सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान बंटी बेदी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर नगर परिषद नरवाना के सफाई कर्मचारी आईईसी मैनेजर दीपक शर्मा, आईईसी टीम के सदस्य तथा परिषद के अन्य कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। स्वच्छता परेड नगर परिषद परिसर से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों से होती हुई विभिन्न बाजार क्षेत्रों और वार्डों तक पहुंची। परेड के दौरान प्रतिभागियों ने नारे लगाकर नागरिकों को अपने आसपास सफाई बनाए रखने घर.घर कचरे का पृथक्करण करने और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करने के लिए जागरूक किया। आईईसी टीम द्वारा स्वच्छता संदेश युक्त बैनर और तख्तियों के माध्यम से आमजन को यह संदेश दिया गया कि स्वच्छता केवल नगर परिषद की जिम्मेदारी नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। स्वच्छ नगर ही स्वस्थ नगर बन सकता है इसलिए सभी लोगों को सहयोग करना चाहिए। नगर परिषद नरवाना द्वारा जारी इस जागरूकता अभियान के अंतर्गत शहर के बाजारों रोड किनारे के इलाकों एवं सार्वजनिक स्थलों पर लोगों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।



नगर परिषद कार्यालय से स्वच्छता परेड को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

#### प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने में सहयोग करें

परिषद का उद्देश्य नागरिकों में जिम्मेदारी की भावना विकसित करना तथा प्रधानमंत्री स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्य को साकार करना है। आईईसी मैनेजर दीपक शर्मा ने कहा कि नगर परिषद नरवाना स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है और इसी क्रम में लगातार विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने नगर वासियों से अपील की कि वे कूड़े को घर पर ही गीले और सूखे अपशिष्ट में अलग करें, गार्बेज वाहन को समय पर कचरा सौंपे तथा प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने में सहयोग करें। इस अवसर पर सफाई कर्मचारी यूनियन प्रधान बंटी बेदी ने सफाई कर्मचारियों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता कर्मी समाज के सच्चे रक्षक हैंए जो प्रतिदिन शहर की सुंदरता और साफ.सफाई को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस स्वच्छता परेड ने नगर के नागरिकों में स्वच्छता के प्रति नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार किया।



नरवाना। आईटीआई नरवाना के भ्रमण पर पहुंचे जनता स्कूल बेलरखा के बच्चे।

#### बच्चों ने किया आईटीआई का शैक्षणिक भ्रमण

नरवाना। जनता वमावि बेलरखा के विद्यार्थियों ने ज्ञानवर्धक अनुभव प्राप्त करने के उद्देश्य से स्थानीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ;आईण्टीण्आईण्द्ध नरवाना का शैक्षणिक भ्रमण किया। यह भ्रमण विद्यालय की प्रधानाचार्या सुनीता मोर के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से आयोजित किया गया। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास और औद्योगिक कार्यप्रणाली से परिचित कराना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने संस्थान के विभिन्न विभागों इलेक्ट्रीशियन फिटर वेल्डर मैकेनिकल कंप्यूटर ऑपरेटर मोटर मैकेनिक आदि ट्रेड्स का बारीकी से अवलोकन किया। प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को हर ट्रेड की उपयोगिता मशीनों के संचालन के तरीके तथा व्यावहारिक ज्ञान के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह से सभी प्रयोगों और उपकरणों को देखा तथा प्रशिक्षणार्थियों से बातचीत कर उनके अनुभवों को जाना। प्रधानाचार्या सुनीता मोर ने बताया कि स्कूल का यह प्रयास विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित नहीं रखता बल्कि उन्हें व्यवहारिक एवं व्यावसायिक दृष्टिकोण से भी समृद्ध करता है।

## खबर संक्षेप

### रोहेड़ा के छात्र कुसमित ने किया जिला टॉप

**राजौंद।** पूरे गांव और क्षेत्रवासियों के लिए बड़ा ही हर्ष का विषय है कि 28 अक्टूबर को महाराजा सूरजमल जाट स्टेडियम कैथल में जिला स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें राजौंद ब्लॉक का प्रतिनिधित्व करते हुए कुस मित खरटा ने 26 केजी भार वर्ग में कुश्ती में कैथल जिले में प्रथम स्थान पर हासिल किया। ज्ञात रहे कि पिछले वर्ष भी कुसुमित ने राज्य स्तर पर तीसरा स्थान हासिल किया था। आने वाली राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में कुसुमित कैथल जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस दौरान प्रधानाचार्य दर्शन सिंह मौण व पीटीआई जोगिंदर चहल कदमी ने विद्यार्थियो को सशुभकामनाएं दी।

### कॉलेज व स्कूल पढ़ने गई दो छात्राएं गायब

**कैथल।** कस्बा चीका में दो अलग-अलग मामलों में दो युवतियां बिना बताए घर से चली गई। पहले मामले में चीका थाना के तहत आने वाले गांव के एक व्यक्ति ने बताया कि 27 अक्टूबर को उसकी भतीजी चीका के कॉलेज में पढ़ने के लिए आई थी लेकिन इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी। दूसरे मामले में एक व्यक्ति ने आरोप लगाया कि 27 अक्टूबर को उसकी बेटी चीका के एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ने के लिए गई थी लेकिन वह वापस घर नहीं लौटी। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक जगर्भा ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नशे के दुष्परिणामों के बारे में कराया अवगत

**कैथल।** कैथल पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत एसपी उपासना के आदेशानुसार जिला पुलिस युवाओं को नशे से दूर रखने तथा खेलों से जोड़ने के लिए खेल गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को प्रोत्साहित कर रही है। अभियान के माध्यम से पुलिस का उद्देश्य आमजन को नशे की बुराइयों से अवगत करवाना तथा नशे के आदी युवाओं को समाज की मुख्यधारा में जोड़ना है। नशा एक ऐसी बुराई है जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा। इस अभियान से पहले भी जिला पुलिस की टीम सुबह और शाम युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़कर उन्हें नशे से दूर रहने का संदेश दे रही हैं।

## सीवन अनाज मंडी में नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान

# मार्केट कमेटी सीवन के चेयरमैन शमशेर सैनी ने पद किया ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सीवन

सीवन की अनाज मंडी में मंगलवार को मार्केट कमेटी सीवन के नव-निर्वाचित चेयरमैन शमशेर सैनी खानपुर व वाइस चेयरमैन विक्रम मुंजाल सीवन का भव्य पदग्रहण समारोह हर्ष, उत्साह और जनसहभागिता के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नगर व आसपास के गांवों से आए किसानों, व्यापारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और भाजपा पदाधिकारियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर नवगठित कमेटी का गर्मजोशी से स्वागत किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने शिरकत की।

उन्होंने कहा कि नई टीम के नेतृत्व में मंडी विकास का नया अध्याय शुरू होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मार्किट कमेटी सीवन के सचिव मनजीत सिंह ने की। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान और मंडी परिसर का समग्र विकास कमेटी की सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगा। इस अवसर पर मंच पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुज्जर, पूर्व जिला अध्यक्ष मनीष कठवाड़, पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर कुरुक्षेत्र के पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार सैनी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन शैली मुंजाल, समाजसेवी संदीप सैनी, मनोनीत पार्षद सतीश मुंजाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि चेयरमैन शमशेर सैनी और वाइस चेयरमैन विक्रम मुंजाल के नेतृत्व में मंडी में विकास का नया दौर शुरू होगा। किसानों की सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाएगी जिनमें स्वच्छता, पारदर्शी तौल व्यवस्था, मंडी के प्रवेश द्वारों का सौंदर्यीकरण, बिजली-पानी की सुचारू व्यवस्था और व्यापारियों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना शामिल रहेगा।


सीवन की अनाज मंडी में पदभार ग्रहण समारोह में मौजूद पदाधिकारी।

### सीवन में बनाएंगे आदर्श मंडी : मुंजाल

समारोह में दोनों पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। चेयरमैन शमशेर सैनी ने कहा कि यह जिम्मेदारी जनता के विश्वास का प्रतीक है और इसे पूरी निष्ठा से निभाया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों व व्यापारियों की समस्याओं का समाधान सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगा। वहीं वाइस चेयरमैन विक्रम मुंजाल ने कहा कि टीम भावना के साथ कार्य करते हुए सीवन मंडी को प्रदेश की आदर्श मंडियों में शामिल करना हमारा लक्ष्य है। मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों ने नवगठित कमेटी के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले समय में सीवन मंडी प्रदेश की अग्रणी मंडियों में शुमार होगी। अंत में सचिव मनजीत सिंह ने सभी अतिथियों, व्यापारियों, किसानों, पत्रकारों व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर कुमारी संगीता, कृष्णा देवी, भाजपा वरिष्ठ नेता नरेश मुंजाल, मंडी प्रधान विनोद बंसल, पूर्व प्रधान कृष्ण गर्ग काका, पूर्व चेयरमैन संगीत बंसल, पार्षद रामदास आर्य, पार्षद एडवोकेट विकास शर्मा, पार्षद मोंटी कामरा, विक्की ग्रोवर, मंडल अध्यक्ष प्रवीन रसूलपुर, डायरेक्टर पवन सैन आदि भी उपस्थित रहे।

## अरुण कुमार को मार्केट कमेटी अध्यक्ष बनाए जाने पर दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजौंद

हरियाणा सरकार द्वारा मार्केट कमेटी राजौंद के सदस्य के रूप में अरुण कुमार को नियुक्त किए जाने पर बधाई दी। इस दौरान राजकुमार कश्यप, बीरभान वाल्मिकी, शेखर, अक्षत, रमन, सुभाष राजेन्द्र, दीपक, शमशेर कश्यप, सुनील भारद्वाज ने आभार जताते हुए कहा कि यह नियुक्ति हरियाणा सरकार कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की अधिसूचना संख्या के तहत की गई। उन्होंने बताया कि अरुण कुमार मार्केट कमेटी के प्रोड्यूसर्स ऑफ द नोटिफाइड मार्केट एरिया के उत्पादको श्रेणी से सदस्य नामित किए गए हैं। वह अपने कार्य का। निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे। उनकी भागीदारी से मार्केट कमेटी राजौंद के कार्यों में गति आएगी और वह क्षेत्र के किसानों ,व्यापारियों तथा सामान्य जनता के हितों की रक्षा एवं संवर्धन के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। अरुण कुमार ने इस जिम्मेदारी के लिए भाजपा सरकार को धन्यवाद दिया और भरोसा दिलाया कि इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाने का प्रयास करेंगे।


भाजपा जिला अध्यक्ष को मिठाई खिलाते हुए अरुण व अन्य भाजपा पदाधिकारी।

## धर्मपाल बने को-ऑपरेटिव सोसाइटी कौल के चेयरमैन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ढांड

को-ऑपरेटिव सोसाइटी कौल का चेयरमैन व वाइस चेयरमैन का चुनाव संपन्न हुआ। इसमें पूर्ण बहुमत के साथ गांव आहुं से धर्मपाल को चेयरमैन व राजेंद्र साकरा को वाइस चेयरमैन बनाया गया है। प्रबंधक राजीव कुमार ने बताया कि कोऑपरेटिव सोसाइटी कौल के अंतर्गत 6 गांव आते हैं जिसमें डायरेक्टर के पद के लिए 6 सितंबर को चुनाव हुआ था और आज उनमें से ही चेयरमैन व वाइस चेयरमैन नियुक्त किया गया है। इस चुनाव के पीठासीन अधिकारी नरेन्द्र सिंह निरीक्षक सहकारी समितियां पुंडरी रहे। गांव आहुं से धर्मपाल को चेयरमैन व राजेंद्र साकरा को वाइस चेयरमैन बनाया गया है। धर्मपाल आहुं ने कहा कि प्रबंधक राजीव कुमार व अन्य कर्मचारियों के साथ तालमेल बनाते हुए जो भी कार्य होंगे उनको पूरी ईमानदारी से किया जाएगा। इस अवसर पर चेयरमैन धर्मपाल व वाइस चेयरमैन राजेंद्र साकरा ने कहा कि हमारे को पद के साथ सम्मान बढ़ाया गया है उसके लिए हम 6 गांव के सभी 10 डायरेक्टर, गांव के गणमान्य व्यक्ति और हल्का विधायक सतपाल जांबा का भी धन्यवाद करते हैं। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन जसबीर साकरा, सरपंच धीर सिंह आंहु, नरेन्द्र सिंह, सुरेश कुमार, हुकम चंद, जगदीश चंद व ललिता देवी उपस्थित थी।


चेयरमैन धर्मपाल व वाइस चेयरमैन राजेंद्र का फूलमालाओं से स्वागत करते हुए ग्रामीण।

## पोंजी स्कीम से रहें सावधान : एसपी उपासना

■ अधिक रिटर्न देने का लालच देकर फंसाते हैं


एसपी उपासना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

साइबर ठग और वित्तीय अपराधी अब पोंजी स्कीम जैसे जाल फैलाकर आम नागरिकों की जमा पूंजी हड़पने में लगे हुए हैं। एसपी उपासना ने कहा कि पोंजी स्कीम एक ऐसी निवेश योजना होती है जिसमें लोगों को बहुत कम समय में अधिक रिटर्न देने का लालच दिया जाता है। प्रारंभिक निवेशकों को भुगतान नए निवेशकों के पैसे से किया जाता है, जिससे उन्हें लगता है कि स्कीम लाभदायक है, लेकिन जैसे ही नए निवेशक आना बंद करते हैं, पूरी योजना धराशायी हो जाती है और मेहनत की कमाई डूब जाती है। उन्होंने बताया कि ऐसे फर्जी निवेश प्लेटफॉर्म सोशल मीडिया, यूट्यूब, व्हाट्सएप ग्रुपों या मोबाइल एप्स के माध्यम से लोगों को आकर्षित करते हैं। गैरकानूनी मल्टी-लेवल मार्केटिंग, चिट फंड, क्रिप्टो करेंसी पर फर्जी रिटर्न और ऑनलाइन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म्स के नाम पर निवेश से ठगी के कई केस सामने आ रहे हैं।

### कैसे काम करती है पोंजी स्कीम

1. पहले कुछ लोगों को ऊंचा मुनाफा दिखाकर आकर्षित किया जाता है।
2. उनका विश्वास जीतने के लिए शुरुआती भुगतान नए निवेशकों के पैसे से कर दिया जाता है।
3. लोग अपने जानकारों को जोड़ने लगते हैं, जिससे स्कीम तेजी से फैलती है।
4. नए निवेशक आना बंद करते हैं, तो संचालक पैसा लेकर फरार हो जाते हैं।

**ऐसी स्कीम पहचानने के तरीके** : एसपी ने कहा की अगर कोई कंपनी "कम समय में दोगुना पैसा", "बिना जोखिम के बड़ा मुनाफा", या "गैरकानूनी रेफरल बोनस" का वादा करे, तो सतर्क रहें। नागरिकों को किसी भी ऐसी स्कीम से दूर रहना चाहिए जो "बहुत अच्छी लगती है" क्योंकि अक्सर यही धोखाधड़ी होती है। उन्होंने बताया कि कई लोग लालच में आकर अपने रिश्तेदारों और दोस्तों को भी ऐसी योजनाओं में शामिल कर लेते हैं, जिससे बाद में सबका नुकसान हो जाता है। यदि कोई व्यक्ति या संस्था किसी ऐप, वेबसाइट या सोशल मीडिया के माध्यम से आपको उच्च रिटर्न का लालच दे रही है, तो तुरंत उसके बारे में पुलिस या साइबर सेल को सूचित करें। किसी भी संदिग्ध स्कीम की शिकायत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या साइबर पोर्टल पर करें।

## भूगोल के विद्यार्थियों ने चंडीगढ़ भ्रमण किया

■ किठाना कॉलेज ऑफ एजुकेशन का स्टडी टूर गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजौंद

किठाना कॉलेज ऑफ एजुकेशन के बी.ए.बी.एड. पांचवें सेमेस्टर के भूगोल विषय के विद्यार्थियों ने अपने शैक्षणिक कार्यक्रम के अंतर्गत एक फील्ड स्टडी टूर के लिए चंडीगढ़ का शैक्षणिक भ्रमण के किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को भौगोलिक अध्ययन के व्यावहारिक पक्षों से अवगत करवाना तथा प्राकृतिक एवं मानव निर्मित भौगोलिक संरचनाओं का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करना है।

इस दौरान विद्यार्थियों ने रॉक गार्डन, सुखना झील, रोज गार्डन, पिंजौर गार्डन,चंडीगढ़ प्लानिंग म्यूजियम आदि प्रमुख स्थलों का अवलोकन और वहां के भौगोलिक एवं पर्यावरणीय पहलुओं पर अध्ययन किया। इस अध्ययन भ्रमण से विद्यार्थियों ने शहरी नियोजन,पर्यावरण संरक्षण एवं स्थायी विकास की अवधारणाओं को समझने का अवसर प्राप्त किया। कॉलेज की प्राचार्या डा. निर्मल सिंहरोहा ने विद्यार्थियों को इस शैक्षणिक भ्रमण के लिए शुभकामनाएं दी और कहा कि ऐसे फील्ड स्टडी प्रोग्राम विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि करने के साथ-साथ उन्हें व्यवहारिक अनुभव भी प्रदान करते हैं। भ्रमण का संचालन भूगोल विभाग के प्राध्यापक सतीश कुमार व शिक्षा विभाग से दीपिका के मार्गदर्शन में किया गया।



गांव किठाना में शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना होते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## अमर स्कूल किठाना के छात्रों का स्टेट खेलों में हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजौंद

अमर पब्लिक स्कूल किठाना के छात्रों ने जिला स्तरीय खेलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए स्कूल व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। सोमवार को कैथल में हुई जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रीत ने 100 मीटर रेस और 200 मीटर रेस में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, वीरेन ने लॉन्ग जंप में द्वितीय स्थान तथा नैना ने 400 मीटर रेस में प्रथम स्थान और रिले रेस में विद्यार्थियों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इस दौरान स्कूल प्रबंधक सरोज व प्रधानाचार्या प्रियंका ने बच्चों को खेलों में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया और भविष्य में होने वाली प्रदेश स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में भी अपने स्कूल माता-पिता का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्कूल में पढ़ाई के साथ-साथ खेलों के लिए भी पूरा अभ्यास छात्र-छात्राओं को करवाया जाता है ताकि पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी विद्यार्थी अच्छा प्रदर्शन करके अपने मुकाम को आसानी से हासिल कर सकें।

## डॉ. महेंद्र शाह को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में पूरे भारत में खासकर हरियाणा और दिल्ली में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहे हैं। उसी कड़ी में इंटरनेशनल सिख फॉर्म व अन्य संस्थाओं ने संयुक्त रूप से करनाल में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यकम में हरियाणा में सिख समुदाय के जिन डॉक्टरों, उद्योगपतियों, अधिकारियों, व्यापारियों सहित अन्य लोगों ने अपने-अपने कार्य फील्ड में उल्लेखनीय कार्य किए हैं, उन्हें विशेष रूप से अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।

कैथल के मल्टीस्पेशलिस्ट शाह हॉस्पिटल के डायरेक्टर जाने-माने चिकित्सक एवं समाज सेवी डॉ. महेंद्र सिंह शाह को चिकित्सा और मानवता की सेवा में लंबे समय से उल्लेखनीय कार्य करने के लिए अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। डॉ. शाह की इस उपलब्धि पर कैथल जिला के प्रमुख नागरिकों, डॉक्टरों, समाजसेवियों, व्यापारियों और अन्य लोगों ने बधाई दी।


डा. महेंद्र सिंह शाह को सम्मानित करते पदाधिकारी

### शहीद भगत सिंह कुश्ती अखाड़ा के दो पहलवान रहे जिले में आगे

**राजौंद।** गांव रोहेड़ा के शहीद भगत सिंह कुश्ति अखाड़ा के दो बच्चों ने जिला सत्र पर कुश्ती प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त करके प्रदेश स्तर पर अपना स्थान पक्का किया है। अखाड़ा संचालक किताब सिंह पहलवान ने बताया कि सोमवार को जिला स्तर पर हुई खेलकूद प्रतियोगिता में उनके अखाड़े के खिलाड़ी 11 वर्षीय आयु वर्ग में निष्ठा ने पहला स्थान प्राप्त करके गांव व माता-पिता का नाम रोशन किया। इसके अलावा 11 वर्षीय आयु वर्ग में कुसमित ने 26 किलो भार वर्ग में पहला स्थान प्राप्त किया।

### खाटू श्याम के पावन जन्मोत्सव की तैयारियां जोरों पर



**सीवन।** बाबा श्याम परिवार सीवन की एक विशेष बैठक इसके सदस्य नीरज बंसल के कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के प्रधान एवं पार्षद संजय कंसल ने की। इस अवसर पर 1 नवंबर को मनाए जाने वाले श्री बाबा खाटू श्याम जी के पावन जन्मोत्सव की तैयारियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। उप- प्रधान सोनू सैनी व नरेश आहूजा ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भव्य संकीर्तन समारोह रहेगा, जो सीवन के रामा आश्रम परिसर में शाम 7 बजे से प्रारंभ होगा। इस अवसर पर जीत कामरा, विक्की ग्रोवर, संजू पंसारी, सुमेश बंसल काका सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## व्यक्तिगत क्षमता का विकास विषय पर सत्र आयोजित

# नेतृत्व प्रशिक्षण कार्यक्रम में दी सार्थक संबंध की जानकारी

नेतृत्व, टीमवर्क, समन्वय, निर्णय लेने और सकारात्मक आदतों की शक्ति पर सत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

नेतृत्व प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन की शुरुआत विवेक पतकी द्वारा निर्णय लेने और समस्या-समाधान क्षमताएं तथा स्वयं पर विश्वासः सार्थक संबंध बनाना विषयों पर ज्ञानवर्धक सत्रों के साथ हुई। सुधीर पाई ने आदतों में निपुणताः व्यक्तिगत क्षमता का विकास और आवश्यक टीमवर्क कौशल को बढ़ाना विषयों पर सत्र आयोजित किए। दो दिवसीय कार्यक्रम के समापन में प्राचार्य राजबीर पराशर ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। सत्र की शुरुआत प्रतिभागियों की उत्साहजनक प्रतिक्रिया के साथ हुई, जिन्होंने नेतृत्व, टीमवर्क, समन्वय, निर्णय लेने और सकारात्मक आदतों की शक्ति पर बहुमूल्य शिक्षा प्रदान करने में प्रशिक्षकों के प्रयासों की सराहना की।

लगभग बीस छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए और कार्यक्रम से मिली अपनी खुशी और सीख व्यक्त की। विवेक पतकी, सुधीर पाई और कृष्ण एन. देवाडिगा ने भी प्रतिभागियों के उत्साह, अनुशासन और आतिथ्य की सराहना की तथा इस आयोजन को सफल बनाने के लिए प्राचार्य का हार्दिक धन्यवाद किया।

प्राचार्य पराशर ने प्रतिभागियों को बधाई दी और छात्रों को भविष्य के लिए तैयार नेता बनाने में अर्थशास्त्र विभाग की सराहनीय पहल की प्रशंसा की। विभागाध्यक्ष सूरज वालिया ने औपचारिक धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया और कॉलेज के साथ सहयोग करने के लिए एमआर पाई फाउंडेशन और फोरम ऑफ फ्री एंटरप्राइज, मुंबई का आभार व्यक्त किया। समापन प्राचार्य, विवेक पतकी, सुधीर पाई और कृष्णा द्वारा प्रमाणपत्र वितरण और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### अनुसूचित जाति वर्ग के युवक-युवतियों को दिया जाएगा कौशल विकास प्रशिक्षण

**कैथल।** हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम कैथल के जिला प्रबंधक चंद्र प्रकाश ने बताया कि विभाग द्वारा राज्य के अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित युवाओं एवं युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से निशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण दिया जाएगा। इच्छुक प्रार्थी 30 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सहायक ब्यूटी थेरेपिस्ट, सहायक हेयर ड्रेसर एवं स्टाइलिस्ट, ब्राइडल फैशन एवं पोर्टफोलियो मेकअप आर्टिस्ट, स्वरोजगार दर्जी, सहायक फॉल्स सीलिंग एवं ड्राईवॉल इंस्टॉलर इत्यादि पाठ्यक्रम शामिल है। इसके लिए प्रशिक्षणार्थी की आयु 18 से 42 वर्ष के मध्य हो। वह हरियाणा राज्य का मूल निवासी तथा अनुसूचित जाति वर्ग से सम्बन्धित हो। प्रशिक्षणार्थी की परिवार पहचान पत्र में सत्यापित वार्षिक आय 3 लाख रुपये तक हो। सभी कोर्स की शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग है। न्यूनतम 8वीं व 10वीं पास होना अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के फ्रेंड्स कालोनी गली नंबर 4 स्थित कार्यालय में संपर्क करें।

## मां-पिता व आचार्य की आज्ञा मानें : डॉ. प्रमोद

■ डीएवी स्कूल पूंडरी में वैदिक संस्कार पुण्यमास का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पूंडरी

डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी में चल रहे वैदिक संस्कार पुण्यमास के अर्न्तगत डॉ. प्रमोद योगार्थी हिसार को आमंत्रित किया गया। यह कार्यक्रम आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि उप सभा हरियाणा के तत्वावधान तथा प्राचार्या साधना बख्शी की अध्यक्षता में किया जा रहा है। प्राचार्या साधना बख्शी ने सर्वप्रथम गायत्री पटका पहनाकर डॉ. प्रमोद योगार्थी जी का स्वागत किया।

आचार्य डॉ. प्रमोद योगार्थी ने अपने वक्तव्य में कहा कहा कि बच्चे सदैव अपने माता-पिता व आचार्य के बताए गए सद्मार्ग पर चलकर उनकी आज्ञा का पालन करें। कई उदाहरणों के माध्यम से बताया कि श्रवण कुमार ने अपने माता-पिता की आज्ञा का पालन मरते दम तक किया। महात्मा आनन्द स्वामी जी के जीवन से संबंधित अनेक दृष्टानों के माध्यम से बच्चों को समझाया कि हमें हररोज गायत्री मन्त्र का जाप करना चाहिए। इससे बुद्धि कुशाग्र होती है।

इस अवसर पर प्राचार्या साधना बख्शी ने अपने अध्यक्षीय भाषण में सर्वप्रथम डॉ. प्रमोद योगार्थी जी का धन्यवाद ज्ञापित किया। तत्पश्चात बच्चों को हृदय पर हाथ रखवाकर प्रतिज्ञा करवाई कि हम अपने माता-पिता का सदैव सम्मान करेंगे।

कार्यक्रम के संयोजक आचार्य रवींद्र कुमार शास्त्री ने बताया कि इस वैदिक पुण्यमास का समापन 29 अक्टूबर को किया जाएगा जिसमें प्रसिद्ध भजनोपदेशक जयपाल आर्य को आमन्त्रित किया गया है। आज कक्षा नौंवी से बारहवीं तक के सभी छात्र-छात्राओं एवं उनके अध्यापकगण उपस्थित थे।



डीएवी स्कूल पूंडरी में बच्चों को प्रेरित करते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### हर्ष भगत सिंह फाउंडेशनल के महासचिव बने


**कैथल।** भगत सिंह फाउंडेशन द्वारा हरियाणा में नई नियुक्ति की घोषणा की गई जिसमे कैथल जिले के जिला का महासचिव हर्ष कुमार को बनाया गया है। हर्ष कुमार एक समर्पित युवा कार्यकर्ता और एनएसएस के राज्य राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी 2022-23 , राष्ट्रीय सामाजिक युवा आइकन अवार्डी 2024-25 , जिला सर्वश्रेष्ठ युवा अवार्डी 2021-22 और अन्य अवॉर्ड्स से सम्मानित किया जा चुका है ये लंबे समय से युवाओं के सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण , रक्तदान सिविर, नशे के खिलाफ और जनसेवा के क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

### मौसम में बदलाव से बढ़ रहे डेंगू के मामले

**जींद।** स्वास्थ्य विभाग को लगातार इस सप्ताह दूसरे दिन दो केस डेंगू के मिले हैं। जिसके चलते जिला में डेंगू पॉजिटिव की संख्या 59 तक पहुंच गई है। इससे पहले सोमवार को भी जिले में तीन केस डेंगू के सामने आए थे। अब तक स्वास्थ्य विभाग को चिकनगुनिया के छह तथा मलेरिया के तीन मामले भी मिल चुके हैं। मंगलवार को नरवाना में हरिनगर कालोनी से 43 वर्षीय युवक डेंगू से संक्रमित मिला है। इसके अलावा शहर की एकता नगर कालोनी से 26 वर्षीय चेतन डेंगू से संक्रमित मिला। इसके कारण डेंगू का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग लोगों में लगातार जागरूकता बढ़ाने का काम कर रहा है ताकि इसकी गति पर नियंत्रण पाया जा सके।

### नव नियुक्त चेयरमैन व उप चेयरमैन मांगे राम जिंदल को करवाया पदग्रहण

# किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत व खुशहाल बनाना लक्ष्य : श्याम सिंह राणा




**गुहला-चीका।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा को सम्मानित करते जगमाल सिंह राणा व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने मंगलवार को पुरानी अनाज मंडी चीका में स्थित मार्केट कमेटी कार्यालय में नव नियुक्त मार्केट कमेटी चीका के चेयरमैन जगमाल सिंह राणा व वाइस चेयरमैन मांगे राम जिंदल को पदग्रहण करवाकर उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी, बीजेपी के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर, पूर्व जिलाध्यक्ष मुनीष कठवाड़, पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर व फूल सिंह खेड़ी, रवि तारांवाली के अलावा अन्य वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी मौजूद रहे। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने चेयरमैन व वाइस चेयरमैन को बधाई देते हुए किसानों, मजदूरों व आढ़तियों के कल्याण के लिए काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नव नियुक्त चेयरमैनों को कुर्सी पर बैठाने की जिम्मेदारी दी थी, इसके लिए यहां उपस्थित हुए हैं। हरियाणा में किसानों, मजदूरों व आढ़तियों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ समाधान किया जाता है। नव नियुक्त चेयरमैन व उप चेयरमैन भी मंडियों का पूरा ख्याल रखेंगे और सड़क, पानी, बिजली आदि व्यवस्था पर पूरी निगरानी करेंगे। बीजेपी जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने नव नियुक्त चेयरमैन जगमाल राणा व उप चेयरमैन मांगे राम जिंदल को बधाई देते हुए कहा कि वे किसान, मजदूर व आढ़तियों की समस्याओं का निराकरण करेंगे। बीजेपी वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, बीजेपी के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली व कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा का भी धन्यवाद किया।

#### मंत्री ने सुनी किसान व आढ़तियों की समस्याएं

इस अवसर पर कृषि मंत्री श्याम सिंह ने किसानों, मजदूरों व आढ़तियों की समस्याएं सुनी। जिसमें आढ़त बढ़ाने की मांग पर उन्होंने केंद्र व मुख्यमंत्री से बात करने का आश्वासन दिया। अन्य शिकायत में पुरानी अनाज मंडी में पानी निकासी के कार्य को पूरा करवाया जाएगा। पंजाब की तर्ज पर स्थाई लाइसेंस करना, नई अनाज मंडी में सुविधाएं प्रदान करना, पुरानी अतिरिक्त अनाज मंडी में किसान भवन बनाना, भागल मंडी में शेड, पानी, बिजली आदि संबंधित समस्याएं सुनी और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

#### मौजूद रहे

पूर्व जिलाध्यक्ष मुनीष कठवाड़, पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर ने भी नव नियुक्त चेयरमैन व उप चेयरमैन को बधाई दी। इस मौके पर नगर पालिका की चेयरपर्सन डॉ. रेखा रानी, महेंद्र सिंह चीमा, राजेश शर्मा उर्फ पिंटू, लक्ष्मी नारायण, गौरव राणा, सुल्तान सिंह राणा, मल्खान सिंह राणा, जगदीप राणा, सूरता राम, डॉ. ओमता राम, जंग सिंह नंबरदार, संजीव जिंदल, ईश्वर अत्री, कमल राणा, हरि राम मित्तल, सलेंद्र वाल्मीकि, नेत्रपाल शर्मा, जयभगवान शर्मा, बैसाखी राम, संजीव मित्तल, हिमांशु गोयल, रविंद्र धीमान, कुलदीप पांचाल, संदीप सैनी, राम स्वरूप जिंदल, सतबीर भूना, मार्किट कमेटी सचिव सतबीर राविश सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डीएवी कॉलेज में लगाया जाएगा रक्तदान शिविर



पूंडरी डीएवी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में डॉ सुभाष बंसल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए प्रिंसिपल। फोटो : हरिभूमि

- शिविर से युवाओं में बढ़ेगा सेवा का भाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

आर्य समाज की युवा पीढ़ी के प्रेरणास्त्रोत महात्मा आनंद स्वामी के प्रपौत्र एवं आर्य युवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी सूरी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 29 अक्टूबर दिन बुधवार को डीएवी कॉलेज पूंडरी में विश्व शांति यज्ञ और रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। कॉलेज के महात्मा आनंद स्वामी हॉल में होने वाले इस शिविर का उद्देश्य युवाओं में सेवा और मानवता की भावना को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम की जानकारी और रक्तदान के लाभों से विद्यार्थियों को अवगत कराने के लिए कॉलेज पुस्तकालय के सभागार कक्ष में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर पूंडरी के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. सुभाष बंसल ने विद्यार्थियों को रक्तदान के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि 18 से 65 वर्ष तक का कोई भी स्वस्थ व्यक्ति, यदि उसे कैंसर या एड्स जैसी गंभीर बीमारी नहीं है।

#### स्मृति चिन्ह भेंट किया

कॉलेज की कार्यकारी प्राचार्या डॉ. राजेश तुरान ने डॉ. बंसल का धन्यवाद करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान शिविर युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी और सेवा भावना को जागृत करेगा।कार्यक्रम में कॉलेज के विद्यार्थी, अभिभावक और पूंडरी व आसपास के क्षेत्र के सामाजिक एवं धार्मिक महानुभावों को आमंत्रित किया गया है। प्राचार्या ने सभी से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर रक्तदान के इस पुण्य कार्य में सहभागी बनें।

# खेल उत्सव एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में चौशाला का स्कूल रहा प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत



**कलायत।** गांव चौशाला स्थित सरकारी स्कूल के विद्यार्थी अपने शिक्षकों के साथ।

शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय-11 स्कूल खेल उत्सव एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में कलायत के गांव चौशाला स्थित सरकारी स्कूल ने विजय का परचम फहराया। प्राथमिक स्तर के खेलों की शुरूआत जिला शिक्षा अधिकारी ने परंपरा अनुसार की। इसमें लगभग 500 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभागी की। स्केटिंग, चेस और कैरम खेल प्रतियोगिता के लिए हुड्डा सेक्टर 20 को चुना गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम और पेंटिंग की प्रतिस्पर्धा जाखोली अड्डा स्थित सरकारी स्कूल में हुई। चौशाला गांव स्थित सरकारी स्कूल के खेल इंचार्ज मुकेश धानिया ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी के दिशा-निर्देश पर खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा स्कूली बच्चों को आयोजन के प्रति प्रेरित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए गए। इसके अनुरूप प्रधानाचार्य जोगेंद्र नैन व मुख्य शिक्षक प्रदीप कुमार द्वारा बच्चों की तैयारियां करवाई।



**जींद।** जानकारी देती पदाधिकारी ममता बंसल व सुमन मितल।

### आज धूमधाम से मनाया जाएगा श्री श्याम वंदना महोत्सव

**जींद।** श्री श्याम प्रचार महिला समिति जींद की एक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में 29 अक्टूबर को सेठों वाली धर्मशाला में मनाए जाने वाले श्री श्याम वंदना महोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप दिया। बैठक में ममता बंसलए साधना गुप्ता, सुमन मित्तल, अनीता गर्ग, लक्ष्मी गर्ग, मोनिका, सोनिया, आशीष जिंदल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। समिति की ममता बंसल व सुमन मितल ने बताया कि भव्य श्री श्याम वंदना महोत्सव का आयोजन 29 अक्टूबर को सेठों वाली धर्मशाला घंटाघर चौक जींद में किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए आयोजित समिति की पदाधिकारी ममता बंसल व सुमन मितल ने बताया कि महोत्सव में हरियाणा सरकार के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा, अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के अध्यक्ष एवं प्रमुख समाजसेवी डा. राजकुमार गोयल, युवा कांग्रेस नेता पवन गर्ग, प्रमुख चिकित्सक रमेश बंसल, आम आदमी पार्टी महिला की प्रदेश सलाहकार डा. रजनीश जैन, नगर परिषद जींद की चेयरपर्सन अनुराधा सैनी सहित अनेक गणमान्य लोग शिरकत करेंगे।

# क्रांतिकारियों ने प्राणों की आहुति देकर देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराया

- जात-पात, ऊंच-नीच और भेदभाव से ऊपर उठकर एक मजबूत भारत का निर्माण करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



**जींद।** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक। फोटो : हरिभूमि

सफीदों के विधायक रामकुमार गौतम ने कहा कि देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव सहित सभी स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इन महान क्रांतिकारियों ने अपने प्राणों की आहुति देकर देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराया। हमें उनके दिखाए रास्ते पर चलना चाहिए और उनके आदर्शों को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। इसी प्रकार सिख धर्म के गुरुओं की शिक्षाएं, त्याग और बलिदान भी हमारे लिए सदा प्रेरणास्त्रोत रहेंगे।

#### प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया

सफीदों के विधायक रामकुमार गौतम मंगलवार को निजी स्कूल के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्यअतिथि बोलते हुए कही। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में हर्षोल्लास का माहौल रहा। विधायक ने विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को शिक्षा एवं खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर ट्रॉफी और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। छात्र एवं छात्राओं द्वारा वार्षिक समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। आज के विद्यार्थी ही कल के महापुरुष और देश के भविष्य निर्माता हैं।

# राजकीय मॉडल संस्कृति प्रावि का किया निरीक्षण

- हर विद्यार्थी की प्रतिभा राष्ट्र की पूंजी है : एसडीएम सत्यवान मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



**जींद।** निरीक्षण के दौरान पूछताछ करते हुए एसडीएम सत्यवान मान।

उपमंडल अधिकारी सत्यवान मान ने मंगलवार को जींद जंक्शन स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में अर्धवार्षिक परीक्षाएं चल रही थी। एसडीएम ने विद्यालय की सभी मूलभूत सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था, शिक्षण वातावरण तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया। प्राथमिक विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र जागलान ने अवगत कराया कि विद्यालय का समय दोपहर पौने एक बजे से शाम पांच बज कर पंद्रह मिनट तक निर्धारित है। वर्तमान में विद्यालय की प्राथमिक शाखा में 239 विद्यार्थी नामांकित हैं। जिनमें से 216 विद्यार्थी इस दिन उपस्थित पाए गए। विद्यालय में नौ शिक्षक कार्यरत हैं जबकि एक पद रिक्त पाया गया। एसडीएम सत्यवान मान ने शौचालयों, पेयजल, बिजली व्यवस्था, विद्यार्थियों के बैठने की सुविधा, स्वच्छता तथा मिड-डे मील की गुणवत्ता का विशेष रूप से निरीक्षण किया। उन्होंने स्वयं भोजन का स्वाद लेकर मिड-डे मील की गुणवत्ता को संतोषजनक बताया। विद्यालय में मिड-डे मील का वितरण दोपहर तीन बजे किया जाता है। इस संदर्भ में उन्होंने भोजन वितरण का समय दोपहर अढाई बजे करने का सुझाव दिया ताकि विद्यार्थी ताजगी के साथ अध्ययन पर अधिक एकाग्रता रख सकें। एसडीएम ने विद्यालय स्टाफ को निर्देश दिए कि प्रत्येक बच्चे के सर्वांगीण विकास, शैक्षणिक, मानसिक एवं शारीरिक प्रगति पर विशेष ध्यान दिया जाए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

#### विद्यार्थियों ने जानी कचरे से खाद बनने की प्रक्रिया

**पूंडरी ।** नगरपालिका पूण्डरी की ओर से 24 सितंबर को स्वच्छता अभियान के तहत कैथल खुराना रोड स्थित कचरा प्रोसेसिंग साइट पर विशेष निरीक्षण कार्यकम हुआ। कार्यम में नगरपालिका सचिव नरेश कुमार, सफाई निरीक्षक विरेन्द्र कुमार, मूकेश कुमार म्युनेसिपल कोऑर्डिनेटर व बच्चों ने भाग लिया।बच्चों को प्रोसेसिंग प्लांट में चल रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी गई बताया कि कैसे शहर से आने वाला कचरा यहां प्रोसेस किया जाता है। गीले कचरे से खाद बनाना, सूखे कचरे की छंटाई और अन्य प्रक्रियाओ के बारे में बच्चों मैके पर करवाया/" गया। इसी क्रम आम बच्चों को प्रोसेसिंग प्लांट में चल रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देतेनगरपलिका की ओर' से सिविल अस्पताल गुहला में स्कच्छ्ता मित्रों का स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया।




**पूंडरी।** कार्यक्रम मे भाग लेते विद्यार्थी व नगरपालिका स्टॉफ।



**कैथल।** एसपी उपासना बैठक को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### एसपी ने ली पुलिस-पब्लिक समन्वय कमेटी की बैठक

कैथल। जिला कैथल में गठित जिला स्तरीय पुलिस-पब्लिक समन्वय कमेटी की बैठक मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय कैथल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक उपासना ने की। बैठक में विभिन्न गांवों व कस्बों से आए मौजिज व्यक्तियों ने हिस्सा लिया और अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित समस्याओं एवं सुझावों को पुलिस प्रशासन के समक्ष रखा। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पुलिस व आमजन के बीच आपसी सहयोग व तालमेल को मजबूत बनाना, अपराधों की रोकथाम के लिए संयुक्त रणनीति तैयार करना, कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना तथा सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना रहा। बैठक के दौरान एसपी उपासना ने उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज और पुलिस के बीच बेहतर तालमेल से अपराधों पर अधिक प्रभावी ढंग से नियंत्रण किया जा सकता है।

# आदर्श वमावि जाखौली में एनसीसी परेड का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद



**राजौंद।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यार्थी।

आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखौली में मंगलवार को एन सी सी राष्ट्रीय कैडेट कोर की परेड का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय के एन सी सी कैडेट्स ने परेड में अनुशासन एकता और देशभक्ति का शानदार प्रदर्शन किया। परेड के दौरान छात्रों ने राष्ट्र सेवा और देश के प्रति समर्पण की भावना को सजीव रूप में प्रस्तुत किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य ओ पी शर्मा ने की। उन्होंने कैडेट्स से कहा कि एन सी सी विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण नेतृत्व क्षमता और अनुशासन की भावना को सशक्त बनाने का उत्तम माध्यम है। इस दौरान एन सी सी प्रभारी कर्म सिंह ने कैडेट्स को परेड की तैयारी करवाई गई।

### सीआरएसयू में साहित्यिक एवं ललित कला पर तीन दिवसीय कार्यशाला शुरू

# अनुशासित रहकर जीवन में हर मुकाम हासिल कर सकते हैं : वीसी

- प्रतिभागियों को साहित्यिक एवं ललित कला के महत्व शिक्षा में कला की भूमिका की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



**जींद।** कार्यशाला को संबोधित करते हुए वीसी। फोटो : हरिभूमि

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक विभाग द्वारा साहित्यिक एवं ललित कला पर तीन दिवसीय कार्यशाला की शुरूआत हुई। इसमें मुख्यअतिथि के रूप में विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. डा. रामपाल सैनी ने शिरकत की। तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलन और उनके आशीर्वाद के साथ किया गया। इसमें विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को साहित्यिक एवं ललित कला के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता डीवाईसीए निदेशक डा. अनिल ने की। उन्होंने तीन दिन की कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को साहित्यिक एवं ललित कला के महत्व, शिक्षा में कला की भूमिका और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के तरीकों पर विस्तृत जानकारी दी। प्रतिभागियों ने अपने अनुभव सांझा किए और विशेषज्ञों से प्रश्न पूछकर अपने संदेहों का समाधान किया।

#### पढ़ाई के साथ कला में भी निपुण होना चाहिए

कुलपति प्रो. डा. रामपाल सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि साहित्यिक एवं ललित कला का संयोजन व्यक्तित्व विकास और रचनात्मकता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हमें अपने विद्यार्थियों को इन क्षेत्रों में आगे बढने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। आज के समय में विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ साहित्यिक एवं ललित कला में भी निपुण होना चाहिए। उन्होंने बताया कि विभिन्न कलाओं से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है जो उन्हें आगे बढने के लिए प्रेरित करता है। अनुशासन का महत्व बताते हुए विभिन्न महापुरुषों के जीवन पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यदि हम अनुशासित रहे तो हम अपने जीवन में कोई भी मुकाम हासिल कर सकते हैं। जिस विद्यार्थी में सीखने की लगन होती है वही जीवन में आगे चलकर समाज तथा राष्ट्र को कुछ सीख सकता है। उन्होंने युवाओं के राष्ट्रीय चरित्र निर्माण को लेकर भी विस्तृत चर्चा की। कार्यशाला में साहित्यिक एवं ललित कला के कुल 16 इवेंट्स के बारे में यूनिवर्सिटी व कॉलेज के विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। ललित कला से जुड़ी विधाओं पर भिवानी से मदनलाल ने प्रकाश डाला। जिसमें विशेष तौर पर उन्होंने मूर्ति कला से बच्चों को अवगत कराया।